**Date: 27-08-2024**

# प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक २७ अगस्त २०२४ को ४३वें दीक्षांत समारोह सप्ताह के अन्तर्गत दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलजी में एक एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। "सिनरजाइजिंग डीप लर्निंग विथ इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स : पायनियरिंग स्मार्ट सोलूशन्स " शीर्षक पर बोलते हुए इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी पटना के सहायक आचार्य ,डॉ राहुल मिश्रा ने कहा की आज के समय में डाटा उसी तरह महत्वपूर्ण है जैसे की ऊर्जा के लिए पेट्रोल। इंटरनेट ऑफ़ थिंग कंप्यूटिंग मशीनों का एक ऐसा ताल मेल है जिसमें मशीनें आपस में बातचीत करके दी गई समस्या का निदान करती हैं। क्लाउड कंप्यूटिंग के साथ इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स का प्रयोग कर बहुत सारे एप्लीकेशन बनाये जा सकते हैं। मशीन लर्निंग और इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स आज के समय की मांग है और छात्रों को इन नवीन विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट बनाने की सलाह दी ।

उक्त व्याख्यान, ऑनलाइन आयोजित किया गया। व्याख्यान में संचालक के रूप में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के सहायक आचार्य श्री राजीव रंजन कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। प्रो उमेश यादव ने व्याख्यान के अंत में आभार प्रकट किया। डॉ मुनीस शरण एवं श्री अम्बिकेश यादव ने इस व्याख्यान में तकनीकी सहयोग प्रदान किया।